# कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
## 23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः— 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:— 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled.gov.in

ई—मेल आई डी:— secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com


## विज्ञप्ति

**डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2024 हेतु ऑन—लाइन आवेदन की अंतिम तिथि वृद्धि के सम्बन्ध में**

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2024 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश / चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं0 941 / अरसठ—4—2024—2067 / 2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग—4, दिनांक 09.09.2024 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में **कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 11.09.2024** द्वारा प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी0टी0ई0 वाराणसी तथा निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन0सी0टी0ई0 की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2024** हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिसमें आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 12.10.2024 निर्धारित थी।

पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 11.09.2024 के क्रम में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण—2024** में वेबसाइट **https://updeled.gov.in** के द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में वृद्धि करते हुए संशोधित समय—सारिणी निम्नवत् है —

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **ऑन लाइन पंजीकरण पुनः प्रारम्भ होने की तिथि** | **16, अक्टूबर 2024 (अपराह्न से)** |
| 2. | **ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **22, अक्टूबर 2024** |
| 3. | **ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | **23, अक्टूबर 2024** |
| 4. | **पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि** | **25, अक्टूबर 2024** |

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे। पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 11.09.2024 में दिये गये शेष दिशानिर्देश एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

15.10.2024

**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी**
**उ0प्र0, प्रयागराज**

**पृ0सं0 / डी0एल0एड0 प्रशि0 2024 /** 3627-35 **/ 2024—25 दिनांकः 15, अक्टूबर, 2024**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित —**

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ महोदय द्वारा दूरभाष पर दिये गये निर्देश के क्रम में संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग—4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री राजेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार के ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. क्षेत्रीय प्रबन्धक / शाखा प्रबन्धक, आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, टैगोर टाउन, प्रयागराज एवं भारतीय स्टेट बैंक, त्रिवेणी शाखा, प्रयागराज।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
8. समस्त प्रबन्धक / प्राचार्य, निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

15.10.2024

**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी**
**उ0प्र0, प्रयागराज**